जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/अकादमी/पीएचडी/2015/3653 दिनांक : 10/4/15

// आंशिक संशोधित अधिसूचना //

विश्वविद्यालय की अधिसूचना कमांक अका./पीएचडी/2015/3669 दिनांक 12.03.2015 एवं विश्वविद्यालय की अधिसूचना कमांक अका./पीएचडी/2015/3633 दिनांक 01.04.2015 में निम्नानुसार आंशिक परिवर्तन किया जाता है।

1. कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा दिनांक 02.05.2015 को अपरान्ह 12:00 से 03:00 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जावेगी।
2. कोर्सवर्क परीक्षा के आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर समस्त प्रविष्टियॉ अंकित कर केन्द्राध्यक्ष के माध्यम से दिनांक 10.04.2015 से दिनांक 15.04.2015 तक ~~अकादमी~~ Exam परीक्षा शाखा में प्रस्तुत किये जाएगे परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 10.04.2015 से विश्वविद्यालय की बेबसाइड www.jiwaji.edu. से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकेगे। परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।
3. कोर्सवर्क परीक्षा से संबंधित द्वितीय प्रश्न पत्र के रूप में रिव्यू ऑफ लिटरेचर तैयार कर संबंधित मार्गदर्शक के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा जो उसका विधिवत मूल्यांकन कर दिनांक 30.04.2015 तक अंक उप-कुलसचिव गोपनीय, जीवाजी विश्वविद्यालय के समक्ष सीड्ल लिफाफे में प्रस्तुत करेगें।
4. परीक्षा हेतु संलग्न सूची एवं विभक्तीकरण के अनुसार प्रथक -प्रथक, प्रश्न-पत्र हल करने होगें।
5. रिसर्च मैथोडलॉजी परीक्षा का प्रश्न-पत्र 100 अंकों का होगा जिसमें उतीर्ण होने के लिए न्यूनतम 36 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। रिव्यू ऑफ लिटरेचर का मूल्यांकन भी 100 अंक का होगा। जिसमें सफल घोषित होने के लिये न्यूनतम 50 अंक प्राप्त करने होगें। पूर्वोकतानुसार दोंनों प्रश्न-पत्रों में प्राप्तांक के आधार पर छात्र को कोर्सवर्क परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण घोषित किया जावेगा।
6. सत्र 2014 में आयोजित प्रवेश परीक्षा एवं उससे संबंधित काउंसलिंग में सफल शोधार्थियों के लिये शोध पंजीयन हेतु मूल आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2015 निर्धारित की गई थी उक्त तिथि के स्थान पर 30 जून, 2015 अंतिम तिथि के रूप में घोषित की जाती हैं। आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क का चालान, सभी कक्षाओं की अंकसूची की फोटोकॉपी, कोर्सवर्क हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र की फोटोकॉपी, मूलनिवासी/शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
7. कोर्सवर्क परीक्षा हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र में अनुक्रमांक के स्थान पर 11 मई 2014 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का अनुक्रमांक लिखे, प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त शोधार्थी अनुक्रमांक का स्थान रिक्त छोड़े, ऐसे परीक्षार्थीयों को विश्वविद्यालय द्वारा अनुक्रमांक आबंटित किया जावेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. सर्व संबंधितों की ओर सूचनार्थ । एवं उपकुलसचिव (गोपनीय) की ओर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, विभागाध्यक्ष की ओर इस आशय के साथ प्रेषित हैं, कि वे कोर्सवर्क परीक्षा आवेदन पत्र को अग्रेषित करें।
3. कुलपति के सचिव /कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
4. इंचार्ज, कम्प्युटर सैल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस हेतु प्रेषित की विश्वविद्यालय बेबसाईड पर तत्काल अपलोड करें।

S Chawla

उपकुलसचिव (अकादमी)